घर में मैया जी की ज्योत जगाले

घर में मैया जी की ज्योत जगाले भवानी खुश हो जाएगी,
माँ के नाम से लगन लगा ले महारानी खुश हो जायेगी

जिस घर में माँ ज्योत जगे माँ करदे वारे न्यारे,
सुख के सागर बेहने लगते दुःख अन पाँओ पसारे
मन मंदिर माँ का वसा ले भवानी खुश हो जायेगी
घर में मैया जी की ज्योत जगाले भवानी खुश हो जाएगी,

माँ की जगमग ज्योत है पावन जय जय मात ज्वाला
ज्योति रूप में तुझको पूजे वो है किस्मत वाला
तू जयकारे मैया के लगा ले भवानी खुश हो जायेगी
घर में मैया जी की ज्योत जगाले भवानी खुश हो जाएगी,

माँ की ज्योत में एसी शक्ति कोई पार न पाया
अकबर जैसे महाराजा का था अभिमान मिटाया
ज्वाला मैया को तू शीश जुका ले भवानी खुश हो जायेगी
घर में मैया जी की ज्योत जगाले भवानी खुश हो जाएगी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19178/title/ghar-me-maiya-ji-ki-jyot-jgaale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |